**प्रेस नोट**
**दिनांक 12.03.2025, थाना इटियाथोक**
**जनपद गोण्डा।**

## थाना इटियाथोक क्षेत्रान्तर्गत हुए ब्लाइंड मर्डर का सफल अनावरण, हत्याभियुक्त गिरफ्तार, आलाकत्ल चाकू बरामदः-

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सदर सुश्री शिल्पा वर्मा के नेतृत्व में थाना इटियाथोक पुलिस द्वारा थाना स्थानीय में पंजीकृत मु0अ0सं0-50/25, धारा 103(1) बीएनएस से सम्बन्धित आरोपी हत्याभियुक्त विनोद कुमार यादव पुत्र गंगाराम यादव निवासी ग्राम कुसमौरा उदयपुर थाना रेहरा बाजार जनपद बलरामपुर को बग्गी रोड़ तिराहा के पास से गिरफ्तार कर उसके निशादेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू (आलाकत्ल) बरामद किया गया।

### घटना का संक्षिप्त विवरण-

थाना इटियाथोक क्षेत्रांतर्गत दिनांक 09/10.03.2025 की रात्रि में थाना इटियाथोक पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि सकीना उर्फ़ हसीना पत्नी मो0 नसीम निवासी शिवदयालपुर श्रीदत्तनगर जनपद बलरामपुर, जो अपने मायके बरेली विश्रामपुर थाना इटियाथोक जनपद गोंडा में रहती थी, का शव लक्ष्मणपुर गांव के बाहर गन्ने के खेत में पड़ा है। इस सूचना पर तत्काल स्थानीय पुलिस एवं उच्चाधिकारीगण द्वारा मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया गया, शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया गया। फील्ड यूनिट/डॉग स्क्वाड टीम को घटना स्थल पर बुलाया जाकर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गई। मृतका के पिता मोहर्रम अली की लिखित तहरीर पर थाना इटियाथोक में सुसंगत धाराओं में अज्ञात के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा घटना के शीघ्र एवं सफल अनावरण हेतु क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में पुलिस एसओजी/सर्विलांस सहित पुलिस टीमों का गठन कर प्रभारी निरीक्षक इटियाथोक को घटना का शीघ्र अनावरण कर अभियुक्त की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे।

इसी क्रम में आज दिनांक 12.03.2025 को थाना इटियाथोक पुलिस टीम द्वारा मैनुअल एवं तकनीकी साक्ष्य संकलन के आधार पर 48 घंटों के भीतर ब्लाइंड मर्डर का सफल अनावरण करते हुए घटना कारित करने वाले प्रकाश में आये हत्याभियुक्त विनोद कुमार यादव पुत्र गंगाराम यादव निवासी ग्राम कुसमौरा उदयपुर थाना रेहरा बाजार जनपद बलरामपुर को बग्गी रोड के पास से गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही से घटना में प्रयुक्त चाकू (आलाकत्ल) बरामद किया गया हैं। आलाकत्ल चाकू बरामदगी के आधार पर अभियोग में धारा 4/25 आर्मस एक्ट की बढोत्तरी की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना इटियाथोक पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### पूछताछ का विवरण-

पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि उसका मृतका से पिछले 03 वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दिनांक 07.03.2025 को अभियुक्त का गौना हो जाने के कारण मृतका से सम्बन्ध नही रखना चाहता था। मृतका द्वारा पिछले 03 वर्षो से चल रहे प्रेम प्रसंग का हवाला देकर मिलने के लिए दबाव बना रही थी। जिसके कारण अभियुक्त द्वारा लक्ष्मणपुर गांव के बाहर गन्ने के खेत में मृतका को समझाने का प्रयास किया गया परन्तु मृतका बात मानने को तैयार नही थी। जिससे परेशान/क्षुब्ध होकर मृतका को गन्ने के खेत में चाकू से गला रेत कर के हत्या कर दी और उसके बाद वह फरार हो गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

01. विनोद कुमार यादव पुत्र गंगाराम यादव निवासी ग्राम कुसमौरा उदयपुर थाना रेहरा बाजार जनपद बलरामपुर।

### पंजीकृत अभियोग-

01. मु0अ0सं0-50/25, धारा 103(1) बीएनएस, धारा 4/25 आर्मस एक्ट थाना इटियाथोक जनपद गोण्डा।

**बरामदगी-**

01. घटना में प्रयुक्त चाकू (आलाकत्ल)।

**गिरफ्तारकर्ता टीम-**

01. श्री शेषमणि पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक इटियाथोक जनपद गोण्डा।

02. उ0नि0 राजेन्द्र कनौजिया

03. हे0का0 शिवजीत यादव

04. का0 श्रवण मिश्रा

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 12.03.2025**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा आगामी त्योहार(होलिका दहन, रंगोत्सव/होली, रमजान माह) के दृष्टिगत थाना को0नगर क्षेत्रांतर्गत भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त/रूट मार्च कर कराया गया सुरक्षा का एहसास, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा निर्देश-**

आज दिनांक 12.03.2025 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के साथ होलिका दहन, रंगोत्सव/होली, रमजान माह को शान्ति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने तथा जनपद में कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु पर्याप्त पुलिस बल के साथ थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत महत्वपूर्ण चौराहों, संवेदनशील क्षेत्रों आदि में पैदल गस्त कर आमजनमानस को सुरक्षा का एहसास कराया गया। महोदय द्वारा जनसंवाद कर सभी से आपसी आपसी भाई-चारा सौहार्दपूर्ण, शान्तिपूर्ण वातावरण बनाये रखने व शान्तिपूर्वक त्यौहारों को मनाने की अपील की गयी।

महोदय द्वारा बताया गया कि आगामी त्योहारों के दृष्टिगत संवेदनशील स्थलों, सार्वजनीक प्रतिष्ठानों, सर्राफाबाजार, कस्बा चौहारों आदि महत्वपूर्ण स्थलों पर विशेष सतर्कता बनाये रखने हेतु सुरक्षा हेतु प्रभावी प्रबन्ध किये गये है। तथा पर्याप्त संख्या में पुरूष/महिला पुलिस कर्मीयों की ड्यूटी लगायी गयी है। इसके अतिरिक्त पी0ए0सी0 व क्यू0आर0टी0 टीमों को भी लगाया गया है। साथ ही साथ महोदय द्वारा यह भी बताया गया कि पुलिस व प्रशासन द्वारा समस्त तैयारियाँ पूर्ण कर ली गयी है। समस्त राजपत्रित अधिकारियों/थाना प्रभारियों द्वारा सभी धर्मगुरूओं, व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों, समभ्रान्त व्यक्तियों, आयोजको के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की जा चुकी है। जनपद के समस्त होलिका दहन के स्थानों का स्थलीय निरीक्षण पुलिस द्वारा किया जा चुका है। रिज़र्व पुलिस लाइन ग्राउंड गोण्डा में समस्त पुलिस कर्मियों को अराजक तत्वों/उपद्रवियों से निपटने के लिए अश्रु गैस, स्टन ग्रेनेड, रबड बुलेट, मिर्ची बम, एण्टीराइट गन आदि चलवाकर बलवा ड्रिल का अभ्यास करवाया जा चुका है। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, होलिका दहन के स्थानों पर सी0सी0टी0वी0 कैमरा एवं ड्रोन कैमरा से निगरानी रखी जा रही है। स्थानीय अभिसूचना इकाई एवं अन्य अभिसूचना तंत्रों के अधिकरियों /कर्मचारियों द्वारा कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाले विभिन्न असमाजिक तत्वों/आवाछंनीय एवं सामप्रादायिक तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। इसके अतिरिक्त महोदय द्वारा आगामी त्योंहारों के दृष्टीगत यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने हेतु प्रत्येक चौक चौराहों व यातायात बिन्दुओं पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने हेतु निर्देशित किया गया है। किसी भी प्रकार के आपसी सौहार्द खराब करने वाले वीडियो पोस्ट/शेयर करने से बचे, सोशल मीडिया मानिटरिंग सेन्टर की टीम द्वारा लगातार सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्मों (ट्विटर, फेसबुक, व्हाट्सएप ग्रुप आदि) की निगरानी की जा रही है। किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट/शेयर करने वालों के विरुद्ध गोंडा पुलिस द्वारा कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत, क्षेत्राधिकारी नगर श्री आनन्द कुमार राय, प्रभारी निरीक्षक को0नगर सहित पर्याप्त संख्या में पुलिस बल के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 12.03.2025**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा के निर्देशन में समस्त राजपत्रित अधिकारी/थाना प्रभारियों द्वारा आगामी त्योहार(होलिका दहन, रंगोत्सव/होली, रमजान माह) के दृष्टिगत भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त/रूट मार्च कर कराया गया सुरक्षा का एहसास, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा निर्देश--**

आज दिनांक 13.03.2025 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वाके निर्देशन में समस्त राजपत्रित अधिकारियों/थाना प्रभारियों द्वारा अपने अपने क्षेत्रान्तर्गत आगामी त्यौहार होलिका दहन, रंगोत्सव/होली, रमजान माह को शान्ति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने तथा जनपद में कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु पर्याप्त पुलिस बल के साथ महत्वपूर्ण चौराहों, संवेदनशील क्षेत्रों आदि में पैदल गस्त कर आमजनमानस को सुरक्षा का एहसास कराया गया। आमजन से जनसंवाद कर सभी से आपसी भाई-चारा सौहार्दपूर्ण, शान्तिपूर्ण वातावरण बनाये रखने व शान्तिपूर्वक त्यौहारों को मनाने की अपील की गयी।

महोदय द्वारा बताया गया कि आगामी त्योहारों के दृष्टिगत संवेदनशील स्थलों, सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, सर्राफाबाजार, कस्बा चौहारों आदि महत्वपूर्ण स्थलों पर विशेष सतर्कता बनाये रखने हेतु सुरक्षा के प्रभावी प्रबन्ध किये गये है। तथा पर्याप्त संख्या में पुरूष/महिला पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगायी गयी है। इसके अतिरिक्त पी0ए0सी0 व क्यू0आर0टी0 टीमों को भी लगाया गया है। साथ ही साथ महोदय द्वारा यह भी बताया गया कि पुलिस व प्रशासन द्वारा समस्त तैयारियाँ पूर्ण कर ली गयी है। समस्त राजपत्रित अधिकारियों/थाना प्रभारियों द्वारा सभी धर्मगुरूओं, व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों, संभ्रांत व्यक्तियों, आयोजको के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की जा चुकी है। जनपद के समस्त होलिका दहन के स्थानों का स्थलीय निरीक्षण पुलिस द्वारा किया जा चुका है। रिज़र्व पुलिस लाइन ग्राउंड गोण्डा में पुलिस बल को अराजक तत्वों/उपद्रवियों से निपटने के लिए अश्रु गैस, स्टन ग्रेनेड, रबड बुलेट, मिर्ची बम, एण्टीराइट गन आदि चलवाकर बलवा ड्रिल का अभ्यास करवाया जा चुका है। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, होलिका दहन के स्थानों पर सी0सी0टी0वी0 कैमरा एवं ड्रोन कैमरा से निगरानी रखी जा रही है। स्थानीय अभिसूचना इकाई एवं अन्य अभिसूचना तंत्रों के अधिकरियों /कर्मचारियों द्वारा कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाले विभिन्न असमाजिक तत्वों/आवाछंनीय एवं सामप्रादायिक तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। इसके अतिरिक्त महोदय द्वारा आगामी त्योंहारों के दृष्टिगत यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने हेतु प्रत्येक चौक चौराहों व यातायात बिन्दुओं पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने हेतु निर्देशित किया गया है। किसी भी प्रकार के आपसी सौहार्द खराब करने वाले वीडियो पोस्ट/शेयर करने से बचे, सोशल मीडिया मानिटरिंग सेन्टर की टीम द्वारा लगातार सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्मों (ट्विटर, फेसबुक, व्हाट्सएप ग्रुप आदि) की निगरानी की जा रही है। किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट/शेयर करने वालों के विरुद्ध गोंडा पुलिस द्वारा कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

**इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत, क्षेत्राधिकारी नगर श्री आनन्द कुमार राय, प्रभारी निरीक्षक को0नगर सहित पर्याप्त संख्या में पुलिस बल के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।**

**मीडिया सेल, गोण्डा।**